# यूपीईएस ने की महिला उद्यमियों के लिए 50 लाख का कोष बनाने की घोषणा

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। यूपीईएस ने शनिवार को महिला उद्यमियों की ओर से स्थापित स्टार्टअप का समर्थन करते हुए रनवे कार्यक्रम के तहत 50 लाख रुपये का कोष बनाने की घोषणा की। विवि में पीएचडी कर रही 50 महिला स्कॉलर्स को भी फेलोशिप दी जाएगी। महिला कर्मचारियों को दो लाख का बीमा कवर दिया जाएगा।

प्रसिद्ध गायक दलेर मेहंदी ने गीत के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की कलात्मक और संगीतमय अभिव्यक्ति से भारतीय महिलाओं की ताकत और धैर्य से परिचित कराया। संगीत निशांत रामटेके और गाने प्रायोजन सोसाइटी एचईआरएस के अध्यक्ष डॉ. शरद मेहता ने लिखे। इससे पहले समारोह की शुभारंभ गीता धामी ने महेंद्र ग्राउंड में सुबह 8.30 बजे महिला बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। कुलपति डॉ. राम शर्मा ने कहा ऐसे माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां महिलाएं आगे बढ रही हैं।




रनवे कार्यक्रम में बोलतीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी। स्रोत : आयोजक